दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के चयन में अनियमितताएं

6531. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के चयन में अनियमितताएं पक्षपात और भ्रष्टाचार होने संबंधी अनेकों शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन शिकायतों की जांच के लिए कोई गैर-विभागीय निष्पक्ष समिति गठित करने का विचार रखती है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस प्रकार की व्यवस्था दूरदर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ाने में सहायक होगी;

(ङ) क्या यह सच है कि कार्यक्रमों के चयन के संबंध में स्पष्ट निर्देशों और प्रक्रिया के अभाव में समय-समय पर अनियमितताओं और पक्षपात के आरोप लगाये जाते रहे हैं; और

(च) यदि नहीं, तो ये निर्देश और प्रक्रिया क्या क्या हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) इस प्रकार की शिकायतें समय-समय पर प्राप्त होती हैं।

(ख) से (घ) प्रारंभिक जांच के बाद जहां कहीं आवश्यक समझा जाता है इस प्रकार की शिकायतों को निष्पक्ष गैर-विभागीय जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को भेजा जाता है।

(ङ) और (च) दूरदर्शन द्वारा कार्यक्रमों के चयन के लिए विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत स्पष्ट मार्गदर्शी सिद्धांत पहले से ही विद्यमान हैं।

Selection of Feature Films

6532. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the procedure for selection of feature films shown on the national channel;

(b) whether there has been continuing criticism over the quality of the feature films shown on the national channel; and

(c) if so, what remedial steps are proposed to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Doordarshan has how adopted the system of inviting offers for sponsored films in Hindi and English for telecast on the National Network and making a selection from amongst the offers received.

(b) No, Sir. The films telecast since the latter half of 1993 have received general appreciation.

(c) Does not arise.

गोंडा (बिहार) स्थित दूरदर्शन केन्द्र

6533. **श्री जनार्दन यादव**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1990 में जनता दल सरकार ने गोंडा (बिहार) में एक दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की थी;

(ख) क्या यह सच है कि गोंडा में उक्त दूरदर्शन केन्द्र का उद्घाटन हो चुका है; और

(ग) यदि हां, तो गोंडा दूरदर्शन केन्द्र कब तक कार्य करना प्रारम्भ कर देगा?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) गोंडा स्थित अल्प शक्ति ट्रांसमीटर तकनीकी